inext
PAGE NO. 2 : RIGHT MIDDLE

एसआरएमएस की मॉलिक्यूलर लैब को एनएबीएल मान्यता

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (10 Aug): एसआरएमएस आईएमएस की मॉलिक्यूलर लैब को एनएबीएल ने मान्यता दे दी. मेडिकल कालेज के माइक्रोबायोलाजी विभाग द्वारा संचालित इस लैब को क्वालिटी और स्टैंडर्ड में पास होने पर एनएबीएल सर्टिफिकेट दिया गया है. इससे यहां की जांच रिपोर्ट अब पूरे देश में मान्य होगा. यह जानकारी माइक्रोबायोलाजी विभाग के एचओडी व मॉलिक्यूलर लैब के डायरेक्टर डॉ.राहुल कुमार गोयल ने दी. मॉलिक्यूलर लैब को एनएबीएल मान्यता पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने भी बधाई दी. मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने इसके लिए टीम के प्रयासों की सराहना की.

कोविड-19 की जांच भी मान्यता

डॉ. राहुल गोयल ने कहा कि एसआरएमएस मेडिकल कालेज नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फार हास्पिटल एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) द्वारा पहले ही मान्यता प्राप्त है. मॉलिक्यूलर लैब को भी क्वालिटी और स्टैंडर्ड में परखने के बाद नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेटरीज (एनएबीएल) द्वारा मान्यता दी गई है. एनएबीएल द्वारा जारी किया गया मान्यता और सर्टिफिकेट आज मेडिकल कालेज को प्राप्त हुआ. इसमें लैब द्वारा कोविड-19 की जांच को भी मान्यता दी गई है. अब यहां की जांच रिपोर्ट एनएबीएल के लोगो के साथ जारी होगी. हमने मॉलिक्यूलर लैब की मान्यता के लिए 19 जुलाई से प्रासेस शुरू की थी. एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन की तरफ से डॉ.वंदना सरदाना, डॉ.नीलम गुप्ता, डॉ.फौजिया खान, डॉ.मोहन सिंह और क्वालिटी विभाग के डॉ.तारिक मुहम्मद व निशी भारद्वाज को भी धन्यवाद दिया.